प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

12.03.2025 / प्रादेशिक समाचार / 10.05 बजे

बजट सत्र

शिमला में चल रहे विधानसभा के बजट सत्र का आज तीसरा दिन है। सदन की कार्यवाही 11 बजे शुरू होगी। 28 मार्च तक चलने वाले इस सत्र में कुल 16 बैठके होंगी।

विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे शिमला संवाददाता

मंत्रिमंडल

प्रदेश सरकार ने बीपीएल श्रेणी के चयन के लिए वार्षिक आय 36 हजार से बढ़ाकर 50 हजार रूपए कर दी है। कल देर शाम सचिवालय में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में ये निर्णय लिया गया। मंत्रिमंडल ने प्रदेश में वर्ष 2025–26 में शराब ठेके निलाम करने का फैसला भी लिया है। इसके अलावा जे. ओ. ए. आई. टी. के पदों पर कार्मिक विभाग के माध्यम से ही भर्तियां करने का निर्णय भी लिया गया है।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज हमीरपुर जिला की सुजानपुर विधानसभा में करोड़ों रूपए के विभिन्न विकास कार्यों के उद्‌घाटन व शिलान्यास करेंगे। वे सुजानपुर विधानसभा के अंतर्गत डोली में पेयजल योजना, वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कुठेड़ा के अतिरिक्त कमरों और नागरिक अस्पताल सुजानपुर के डॉक्टरों व स्वास्थ्य कर्मचारियों के आवासीय भवन का उदघाटन करेंगे। इसके अलावा मुख्यमंत्री करोट में राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल के अलावा सुजानपुर बसस्टेंड की आधारशिला भी रखेंगे। बाद में सुखविंदर सिंह सुक्खू राष्ट्र स्तरीय होली उत्सव का शुभारम्भ करेंगे।

विक्रमादित्य

लोकनिर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि 2 सौ 50 से अधिक आबादी वाले गांवों को सड़क सुविधा प्रदान करना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। विधानसभा में लाहौल–स्पीति की विधायक अनुराधा राणा के प्रश्न के लिखित जबाव में उन्होंने कहा कि केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय ने सभी राज्यों के लिए ये मापदंड तय किये है। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि प्रदेश के जनजातीय क्षेत्रों में जनसंख्या का घनत्व बहुत ही कम है और इसके लिए तय मापदंडों में विशेष छूट प्रदान करने का मामला केंद्र से उठाया जाएगा।

होली महोत्सव

सुजानुपर का सुप्रसिद्ध राष्ट्र स्तरीय होली महोत्सव आज से शुरू हो रहा है। 15 मार्च तक आयोजित किए जाने वाले इस महोत्सव का मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू शुभारंभ करेंगे जबकि राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल समापन समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। इस महोत्सव में हिमाचली कलाकारों के अलावा वॉलीबुड व पंजाबी कलाकार भी लोगों का मनोरंजन करेंगे।

अधिक जानकारी के साथ हमारे हमीरपुर संवाददाता हरीश नंदा........डिस्पैच....

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज मौसम आमतौर पर साफ है। हालांकि मौसम विभाग ने पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते प्रदेश में आज से 16 मार्च तक बर्फबारी व वर्षा होने की संभावना जताई है। इस बीच चंबा जिला के जनजातीय क्षेत्र पांगी में बीते दिनों हुई भारी बर्फबारी के कारण बुरी तरह से प्रभावित जनजीवन को पटरी पर लाने के लिए जिला प्रशासन प्रयासरत है। पांगी के कई क्षेत्रों में पांच फुट तक बर्फबारी दर्ज की गई है जिसके कारण लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। घाटी में कई सड़क मार्ग अवरूद्ध हैं जिन्हें खोलने के प्रयास जारी है। जिला उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने हिमस्खलन संभावित क्षेत्रों में लोगों से एहतियात बरतने की अपील की है।

और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से...

विधानसभा के बजट सत्र और मंत्रिमडल की बैठक से जुड़ी खबरों को आज सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता दी है।

अमर उजाला की सुर्खी है–**ओल्ड पैशन सकीम, गारंटियों और नशे पर मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष में नोकझोंक।** दैनिक सवैरा टाईम्स का शीर्षक है–**विधानसभा में गूंजा चिट्टा तस्करी का मुद्दा, मुद्दे पर सत्ता पक्ष व विपक्ष ने जताई संजीदगी। इस बार भी ठेकों की होगी नीलामी**–शीर्षक से दिव्य हिमाचल लिखता है–**मंत्रिमडल की बैठक में फैसला, 2 हजार 8 सौ 50 करोड़ रूपए का राजस्व जुटाने का लक्ष्य। सर्टिफिकेट की जगह सैल्फ डिकलेरेशन सिस्टम शुरू** हिमाचल दस्तक की एक खबर है।